राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj1@gmail.com Ph.: 0141-2706847 (O);

पत्रांक : CCE/ISDC/Jobfair/2024-25/371 दिनांक :11 June 2024

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान

विषय – शैक्षणिक सत्र 2024-25 में संभाग मुख्यालय स्थित राजकीय महाविद्यालयों में जॉब फेयर आयोजन की तैयारीयों हेतु सामान्य निर्देश जारी करने के क्रम में।

उपर्युक्त क्रम में लेख है कि राजकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं रोजगार के विभिन्न अवसर उपलब्ध करवाने की मंशा से शैक्षणिक सत्र 2024-25 में संभाग मुख्यालय स्थित राजकीय महाविद्यालयों में जॉब फेयर का आयोजन करवाया जाना है।

इस हेतु सभी संभाग मुख्यालय स्थित राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यो को निर्देशित किया जाता है कि :-

- वे महाविद्यालय में संचालित कैरियर काउंसलिंग एवं कैंपस प्लेसमेंट सेल के माध्यम से गूगल फॉर्म का लिंक बनाकर अपने संबंधित जिलों के राजकीय महाविद्यालयों के साथ साझा करेंगे ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी जॉब फेयर हेतु अपना पंजीकरण करवा सके जिससे विद्यार्थियों की शैक्षणिक योग यता, कौशल क्षमता व व्यावसायिक रूचि की जानकारी प्राप्त हो सके व तद्नुसार जॉब फेयर का आयोजन करवाया जा सके।
- इस हेतु प्राचार्य सोशल मीडिया, स्थानीय समाचार पत्रों, व्हाट्सएप्प ग्रुप के माध्यम से गूगल फॉर्म लिंक और जॉब फेयर से संबंधित सभी जानकारियों का प्रचार प्रसार करवायें ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी जॉब फेयर से लाभान्वित हो सके।
- संभाग स्तरीय जॉब फेयर के आयोजन हेतु विभिन्न कमेटी गठित करना ताकि जॉब फेयर का सुचारू संचालन व क्रियान्वयन किया जा सके।
- संभाग मुख्यालय स्थित रोजगार कार्यालय एवं विभिन्न रोजगार प्रदाता एजेंसियों से संपर्क कर विद्यार्थियों की शैक्षणिक एवं कौशल आधारित योग्यता के आधार पर जॉब फेयर के आयोजन की तैयारियां सुनिश्चित किया जाना।

RajKaj Ref
7166122

Signature valid
Digitally signed by Pukhraj Sen
Designation : Commissioner
Date: 2024.06.11 1?:29:49 IST
Reason: Approved

10 संभाग मुख्यालयों पर स्थित आयोजक नोडल राजकीय महाविद्यालय

| क्र. सं. | संभाग का नाम | संभाग स्थित मुख्य राजकीय महाविद्यालय |
|---|---|---|
| 1. | अजमेर | राजकीय महाविद्यालय, अजमेर |
| 2. | बांसवाड़ा | राजकीय महाविद्यालय, बांसवाड़ा |
| 3. | भरतपुर | राजकीय महाविद्यालय, भरतपुर |
| 4. | बीकानेर | राजकीय महाविद्यालय, बीकानेर |
| 5. | जयपुर | राजकीय महाविद्यालय, जयपुर |
| 6. | जोधपुर | राजकीय महाविद्यालय, जोधपुर |
| 7. | कोटा | राजकीय महाविद्यालय, कोटा |
| 8. | पाली | राजकीय महाविद्यालय, पाली |
| 9. | सीकर | राजकीय कन्या महाविद्यालय, सीकर |
| 10. | उदयपुर | राजकीय कन्या महाविद्यालय, उदयपुर |

संभाग मुख्यालयों पर आयोजित होने वाले जॉब फेयर में राजकीय महाविद्यालयों के अध्ययनरत विद्यार्थी अधिक से अधिक मात्रा में लाभान्वित हो सके, इस हेतु सभी राजकीय महाविद्यालयों में संचालित कैरियर काउंसलिंग और कैंपस प्लेसमेंट सेल द्वारा निम्न प्रदत्त निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करवाई जाए-

- महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को स्थानीय उद्योगों एवं स्थानीय रोजगारपरक क्षेत्रों का भ्रमण करवाया जाए ताकि विद्यार्थियों को रोजगार के विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी उपलब्ध हो सके जिससे कि विद्यार्थियों को विभिन्न व्यावसायिक कोर्सो के माध्यम से कैरियर निर्माण में सहायता मिले सके साथ ही स्वयं का व्यवसाय प्रारम्भ करने का मार्ग दर्शन भी मिल सके।
- कैंपस प्लेसमेंट एवं कैरियर काउंसलिंग सैल के माध्यम से विद्यार्थियों को सही तकनीक और मार्गदर्शन प्रदान किया जाए ताकि विद्यार्थी अपना बायोडेटा तैयार कर सके।
- भारत व राज्य सरकार के विशेषज्ञ संस्थानों एवं सेक्टर स्किल काउंसिल के साथ समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों के लिए कौशल कार्यशालाओं का आयोजन करवाना ताकि विद्यार्थियों का उचित कौशल संवर्द्धन होने के पश्चात कैंपस प्लेसमेंट संभव हो सके।
- कैंपस प्लेसमेंट एवं कैरियर काउंसलिंग सैल के द्वारा विद्यार्थीयों के लिए कम्यूनिकेशन, सॉफ्ट स्किल एवं पर्सनेलिटी डेवलपमेंट से संबंधित कार्यशालाएं आयोजित करवाई जाए।
- कैंपस प्लेसमेंट एवं कैरियर काउंसलिंग सैल के द्वारा मॉक इंटरव्यूज का भी आयोजन करवाया जाए ताकि विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, अभिरूचि एवं उनकी कौशल क्षमता का विकास हो।
- महाविद्यालय की कैंपस प्लेसमेंट एवं कैरियर काउंसलिंग सैल के माध्यम से वर्षभर में आयोजित होने वाली राज्य एवं केन्द्र सरकार की भर्तियों की सूचना विद्यार्थियों को नोटिस बोर्ड व अन्य माध यमों से दी जाए तथा महाविद्यालय की कैरियर काउंसलिंग सैल के नोडल अधिकारी NCS (National Career Service) के पोर्टल से अपडेट रहें।

RajKaj Ref
7166122

Signature valid

Digitally signed by Pukhraj Sen
Designation : Commissioner
Date: 2024.06.11 1?:29:49 IST
Reason: Approved

- विद्यार्थि यों में तर्कशक्ति क्षमता विकास एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु समय समय पर महाविद्यालय में लिखित परीक्षाओं का आयोजन करवाया जाए ताकि विद्यार्थियो की तर्कशक्ति क्षमता एवं उनके सामान्य ज्ञान की अभिवृद्धि की जा सके।
- कैंपस प्लेसमेंट एवं कैरियर काउंसलिंग सैल के द्वारा महाविद्यालय में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों हेतु रोजगार के विभिन्न क्षेत्रों एवं कौशल पाठ्यक्रमों की जानकारी हेतु रोजगार आमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किये जाएं ताकि इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को कैरियर निमार्ण में सहायता मिल सके।
- कैंपस प्लेसमेंट एवं कैरियर काउंसलिंग सैल सप्ताह में एक दिन विद्यार्थियों हेतु समय निर्धारित करें ताकि विद्यार्थी उस दिन अपने कैरियर से संबंधित समस्याओं के निदान हेतु सैल के सदस्यों से संपर्क कर अपनी समस्याओं का समाधान कर सकें।
- कैंपस प्लेसमेंट और जॉब फेयर के माध्यम से चयनित विद्यार्थियों के मध्य विभिन्न विषयों पर समूह चर्चा का आयोजन करवाया जाए ताकि विद्यार्थियों के निर्णय क्षमता एवं नेतृत्व क्षमता में अभिवृद्धि हो सके।

आयुक्त
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान

पत्रांक : CCE/ISDC/Jobfair/2024-25/371 दिनांक : 11 June 2024

प्रतिलिपी सूचनार्थ :

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान जयपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3. निजी सचिव, अति. आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
4. वेब प्रभारी को आकशि की वैबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
5. रक्षित पत्रावली।

RajKaj Ref
7166122

Signature valid

Digitally signed by Pukhraj Sen
Designation : Commissioner
Date: 2024.06.11 14:29:49 IST
Reason: Approved